
Inbox (28) - compdeptvipra@gm
mail.google.com/mail/u/0/?ogbl#inbox?projector=1
Paused
1e2b8964-d301-4ee5-9ef1-a9f6da496581
Open with
Compose
Inbox
Starred
Snoozed
Sent
Drafts
Meet
Start a meeting
Join a meeting
Chat
Compdept
No recent chats
Start a new one
Primary
1–36 of 36
Preeti Yadav
11:14 AM
Preeti Yadav
11:07 AM
Preeti Yadav
Jul 9
account-noreply
Welcome to Adobe - You recently created an AdobeID. Dear Compdept Vipra, You recently created an...
Jul 9
Get Gmail for mobile
1e2b8964-d301-4ee5-...
Webinar invitation....pdf
Webinar invitation.pdf
Show all
11:15
11-07-2020

किया जाएगा।

फार्म जमा किए जा सकते हैं।

मुख्यालय योजना शाखा सहित सभी जोन कमिश्नरों व

चॉक डस्टर से इ क्लास की ओर शिफ्ट होना आवश्यक –डॉ. श्रीवास्तव

विप्र कॉलेज में तीन दिवसीय नेशनल वेबीनार प्रारंभ

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

रायपुर, 25 जून। विप्र कला वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल वेबीनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ प्रशांत श्रीवास्तव (छात्र अधिष्ठाता हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग) के उदबोधन से हुआ। ई सामग्री एवं डिजिटल संसाधनों की उपयोगिता विषय पर उन्होंने कहा, कोविड-19 महामारी ने हमें मजबूर कर दिया है कि हम चाक डस्टर से ई क्लास की ओर शिफ्ट हो।

ऑनलाइन क्लास ,वीडियो लेक्चर शिक्षा के क्षेत्र में धीरे-धीरे अपना पैर जमा रहा था पर कोविड-19 महामारी के कारण तेजी से इसने शिक्षा क्षेत्र में अपना स्थान बना लिया।5 हजार किमी दूर होकर भी आपके पास हैं। इसके बाद उन्होंने डिजिटल फ्रेमवर्क के बारे में बताया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा बिना ड्राइवर के कार चलाई जा सकती है ?हम क्लाउड कंप्यूटिंग के द्वारा डाटा को ग्लोबल स्टोर कर सकते हैं। किस तरह थर्मल स्क्रीनिंग कैमरा का यूज कर रहे हैं ?आज 186 देश के 1.2 बिलियन बच्चे ऑनलाइन क्लास ले रहे हैं, यह भी डिजिटल टेक्नोलॉजी का ही उदाहरण है।

उन्होंने साइबर चैलेंज के बारे में बताया कि किस तरह फिशिंग के द्वारा डाटा चोरी हो सकती है ? इसके बाद द्वितीय विषय विशेषज्ञ मोहम्मद ख्वाजा मोहिद्दीन (डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट बीआईटी रायपुर)ने बताया किस तरह कोविड 19 से एजुकेशन सेक्टर प्रभावित हुआ है? ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म जो बेंगलुरु बेस्ट एजुकेशनल टेक्नोलॉजी है जो सिंगापुर बेस्ट एजुकेशनल टेक्नोलॉजी है, से हम पढ़ाई कर रहे हैं। ई लर्निंग प्लेटफॉर्म का भी उपयोग कर रहे हैं ।

सारे यूनिवर्सिटी नेटवर्क फेल्योर को ध्यान में रखते हुए इस बात पर जोर दे रहे हैं कि उनके शिक्षक वेबसाइट में सारे पढ़ाई सामग्री की पीपीटी और पीडीएफ अपलोड कर दें। उन्होंने हैंगआउट, वेबैक्स, गूगल मीट एमएस टीम के उपयोग के बारे में भी बताया। प्राचार्य डॉ मेघेश तिवारी ने वेबीनार में सब का स्वागत करते हुए कहा कोविड-19 के कारण विद्यार्थी कॉलेज में उपस्थित नहीं हो सकते, इस स्थिति में ऑनलाइन क्लास, वीडियो लेक्चर का महत्व बढ़ गया है। इस स्थिति में ई सामग्री और ई क्लास को कैसे गुणवत्तापूर्ण बनाएं और सभी विद्यार्थी तक पहुंचे। यही इस वेबीनार का उद्देश्य है। वेबीनार का संचालन विभागाध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव औरन कंचन मिश्रा ने किया। इसके बाद जबलपुर से प्लासी गुप्ता ने डिजिटल रिसोर्स विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। 26 जून द्वितीय दिवस विषय विशेषज्ञ डॉ ज्योति पाटील (प्रिंसिपल एंड क्रिएटिव राइटर रेणुका कॉलेज बेसा नागपुर) एवं डॉ प्रज्ञेश अग्रवाल (ओएसडी डायरेक्टरेट ऑफ हायर एजुकेशन भोपाल) के व्याख्यान होंगे ।